**खबर संक्षेप**

### सौंसर में जिला भाजपा पदाधिकारी का हुआ सत्कार

**सौंसर।** हाल ही में पांढुर्णा जिला भाजपा कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें बड़े पैमाने पर सौसर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन में स्थान मिला है।शुक्रवार को पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ के निवास स्थान पर नवनिर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत सत्कार समारोह संपन्न हुआ है।इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड ,राहुल मोहोड की प्रमुख उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी पांढुर्णा के नवनियुक्त जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड़,अनिल कुमरे उपाध्यक्ष उज्जवल सिंह चौहान, सदन साहू, दीपक कामडे,सीताराम कोरडे,मंत्री श्रीमती उषा भमोरे,श्रीमती लीला बाई बोबडे,कैलाश जैसवाल को नवदायित्व मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आज आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू शनिवार 13 सितम्बर को छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में आयोजिल होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगें। सांसद कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सांसद श्री साहू सुबह 10:30 बजे न्यू पंजाब लॉन छिन्दवाड़ा में ऑल इंडिया शतरंज रेपिड रेटिंग प्रतियोगिता शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान के तहत चैक वितरित करेंगे। दोपहर 2:30 बजे सुंदर देवरे कॉलोनी में स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 3:30 बजे गांधी गंज स्थित श्री पंचेश्वर हनुमान मंदिर में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 6 बजे इमलीखेड़ा छिन्दवाड़ा में हवाई पट्टी पर स्थित मां तुलजा भवानी मंदिर में सावित्री बाई फुले सम्मान समारोह में शामिल होंगे। शाम 7:30 बजे सौंसर में स्थित अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में आयोजित यूथ ऑफ सौंसर एसोसिएशन के पुरस्कार वितरण करेंगे।

## अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव ने सुनाया फैसला

# एएसआई मर्डर केस में हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव महेंद्र मांगोदिया द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 18/2024 थाना माहुलझिर के अपराध क्रमांक 02/2024 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी आशीष उर्फ़ लोकजीत सिंह पिता अजीतसिंह पटेल उम्र 46 साल निवासी ग्राम बटेसरा थाना करेली जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश को एस आई नरेश शर्मा की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 25000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का एवं निर्णय पारित किया गया है।

अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा मध्य प्रदेश शासन की ओर से पैरवी की गई तथा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार हैं की दिनांक 24/09/2021 को सुबह 8:00 बजे थाना माहुलझीर में पदस्थ उप निरीक्षक नरेश शर्मा न्यूटन थाना परसिया के अंतर्गत पेट्रोल पंप पर डीजल डलवाकर बिना पैसे दिए भाग रहे एक वाहन जो की बोलेरो था उसे नाकाबंदी कर रोकने का प्रयास थाना माहुलझिर के सामने बैरिकेट्स पर कर रहे थे उनके साथ दो अन्य लोग एवं एक आरक्षक भूषण भी मौजूद थे जिनकी हत्या का प्रयास वाहन चालक आशीष उर्फ लोकजीत के द्वारा किया गया जिसके लिए माननीय न्यायालय में धारा 307 भादवी के तहत 7 वर्ष का कारावास एवं 5000 का जुर्माना एवं मोटर व्हीकल की धारा 146/196 में 2000 का जुर्माना एवं धारा 130(3)177 में 500 जुर्माना ऐसा कुल मिलाकर 32,500 रुपए का जुर्माना से दंडित किया गया हैं।

उक्त वाहन के पीछे पुलिस की गाड़ी लगी हुई थी जिसे लगातार रोकने का प्रयास किया जा रहा था बैरिकेड के सामने खड़े नरेश शर्मा को आरोपी आशीष उर्फ लोकजीत ने आशय पूर्वक बोलेरो वाहन चढ़ा कर उनकी हत्या कर दी थी । नरेश शर्मा की मृत्यु उनके कर्तव्य के निर्वहन के दौरान हुई थी हत्या का पूरा घटनाक्रम थाना माऊलझीर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गया था जिसकी फुटेज न्यायालय में उपलब्ध कराई गई थी। एवं मध्य प्रदेश शासन के द्वारा उप निरीक्षक नरेश शर्मा शहिद का दर्जा दिया गया था अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयानों के आधार पर अपराध प्रमाणित पाए जाने के आधार पर मामला संदेह से परे प्रमाणित हुआ । पुलिस द्वारा सघन विवेचना कर अपराध पंजीकृत किया गया था, तथा न्यायालय में विचारण हेतु चालान प्रस्तुत किया गया था 1 गवाहों का परीक्षण न्यायालय में कराया गया एवं कथन न्यायालय में लेख बद्ध किए गए । बचाओ पक्ष के द्वारा उक्त घटना में पूरे मामले को एक्सीडेंट की शक्ल देने का भरसक प्रयास किया गया एवं एक सड़क दुर्घटना साबित करने की कोशिश की गई किंतु अभियोजन सशक्त पैरवी के कारण विचारण उपरांत मामला धारा 302 भादवि के तहत हत्या का प्रमाणित होने से आरोपी आशीष उर्फ लोकजीत को धारा 302 भा.द.वि.के तहत दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं 25000 का जुर्माना एवं धारा 307 भादवी में 7 वर्ष का कारावास 5000 जुर्माना एवं मोटर व्हीकल की धारा 130 (3)/177 में 500 जुर्माना ऐसा कुल विभिन्न धाराओं में 32,500 रूपए का जुर्माना से दंडित किया गया मध्य प्रदेश राज्य की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई। एवं प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक रविंद्र कुमार पवार द्वारा की गई।

### अतिक्रमणकारियों पर एक समान कार्यवाही की जाए

## पालादौन की शासकीय जमीन पर कब्जा, की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

ग्राम पालादौन की बंदीघाट क्षेत्र स्थित लगभग 80 से 90 एकड़ शासकीय भूमि पर लंबे समय से अतिक्रमण चला आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां करीब 30 से 35 किसानों ने टुकड़ों-टुकड़ों में कब्जा कर रखा है, जिन पर फिलहाल गन्ना और मक्का की फसलें बोई गई हैं। ग्रामीणों ने सामूहिक आवेदन देकर बताया कि वर्तमान सरपंच केवल रंजिशवश 1-2 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करवा रहे हैं, जबकि खुद सरपंच और उनके परिवारजन भी कब्जाधारियों में शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस पर कार्रवाई है।कब्जाधारियों के नाम किए गए उजागरआवेदन में ग्रामीणों ने कब्जा करने वाले लोगों के नाम भी दिए हैं, जिनमें विजय सिंह, कमलेश वर्मा, भागीरथी वर्मा, बलदेव वर्मा, राजकुमार वर्मा, शंकर वर्मा, बलमान पिता गबलू वर्मा, मोहन वर्मा, लोमस वर्मा, चेतू वर्मा समेत अन्य शामिल हैं।कार्रवाई की मांगपूर्व सरपंच दिनेश सोनी सहित ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरी शासकीय भूमि का पटवारी रिकार्ड देखकर निष्पक्ष जांच कराई जाए और सभी अतिक्रमणकारियों पर एक समान कार्रवाई की जाए।

# बच्चों में किडनी इन्फेक्शन, बन रहा चिंता का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

बीते कुछ समय से छोटे बच्चों में किडनी इन्फेक्शन होने के कुछ मामले सामने आए हैं । जो गंभीर चिंता का कारण बन रहा है । किडनी इन्फेक्शन के चलते वर्तमान में परासिया विधानसभा के दो बच्चों का नागपुर में इलाज जारी है , वहीं एक बच्चे की हाल ही में मौत हो गई ।इन दिनों वायरल फीवर के चलते अस्पतालों में मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है । इनमें ज्यादातर भीड़ बच्चों की है । सामान्य बुखार , मलेरिया , टाईफाइड के अलावा कुछ बच्चों में किडनी इन्फेक्शन होना चिंता का विषय बना हुआ है । हाल ही में न्यटन वार्ड 12 में रहने वाले 5 साल के एक बच्चे को बुखार आया , जिसका इलाज परासिया में हुआ । अगले दिन छिंदवाड़ा ले जाया गया , फिर वहां से नागपुर , जांच में पता चला उसकी दोनों किडनी इन्फेक्टेड है । उसके चार डाईलिसिस हुए , पर बच्चा नहीं रहा । इसके अलावा जाटाछापर का एक बच्चा , मैगज़ीन लाइन परासिया का एक बच्चा दोनों की उम्र 4 से 5 साल है , इन्हें भी बुखार आया , परासिया , छिंदवाड़ा में इलाज के बाद नागपुर ले जाया गया , जहां जांच के बाद किडनी में इन्फेक्शन की बात सामने आई । इनका इलाज अभी जारी है । डाईलिसिस भी हुआ । इनके अलावा दो और बच्चें हैं , जिन्हें किडनी इन्फेक्शन है । बच्चों में किडनी इन्फेक्शन का मामला चिंता का विषय है।



### इनका कहना है

बच्चों में बुखार और मलेरिया के मामले आ रहे हैं । कुछ बच्चों में किडनी इन्फेक्शन होने की जानकारी भी मिली है । पानी की कमी , डी हाईड्रेशन की वजह से भी ऐसा होता है । इस मामले में आई एम सी आर को संज्ञान लेना चाहिए ।

**डॉ प्रवीण सोनी**
**(शिशु रोग विशेषज्ञ )**

### भाजपा जिला मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**बिछुआ।** भाजपा जिला कार्यकारिणी घोषित होने के उपरांत शुक्रवार को भाजपा कार्यालय बिछुआ में नव-नियुक्त भाजपा जिला मंत्री श्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से लादकर और नारों के साथ नेता का अभिनंदन किया,पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। अपने नए दायित्व मिलने उपरांत श्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे ने पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे,एवं सांसद श्री विवेक बंटी साहू से मिलकर आर्शीवाद लिया,इसके अलावा सेवा सदन में शैलेंद्र बबलू पटेल,सांसद कार्यालय में जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, अरविंद राजपुत से मिलकर आर्शीवाद लिया। इस दौरान भाजपा कार्यालय बिछुआ में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा,मंडल अध्यक्ष द्वय शैलेश चोपड़े,गोपाल कवरेती समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### स्वच्छता अभियान, पीएम आवास योजना और राजस्व वसूली पर दिए अहम निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिले के सभी नगरीय निकायों की व्यापक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व वसूली, स्वच्छ भारत मिशन, सीएम हेल्पलाइन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और स्वच्छता ही सेवा अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों की गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर नगर निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त श्री सी.पी. राय, सभी नगरीय निकायों के सीएमओ और उपयंत्री उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक ₹स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा₹ मनाया जाएगा। जिसमें 2 अक्टूबर को गांधी जयंती को ' स्वच्छ 2 अक्टूबर' के रूप में मनाने का संकल्प लिया जाए । उन्होंने कहा कि 15 सितम्बर से ही "स्वच्छता ही सेवा" के मंत्र को घर-घर तक पहुंचाया जाए। साथ ही नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों में गति लाई जाए और उन्हें शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। कार्य में लापरवाही बरतने पर हर्रई के सब-इंजीनियर को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। पीएम आवास योजना 2.0 के आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि बचे हुए आवेदनों पर दो दिन के भीतर निर्णय लिया जाए।

## 17 छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन के माध्यम से स्कूटी का पेमेंट किया प्रदान



**तामिया।** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के द्वारा स्कूटी वितरण ऑनलाइन कार्यक्रम संदीपनी महाविद्यालय तामिया में तामिया मंडल अध्यक्ष दयाराम ईरपाची जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गेश सलामे भाजपा मंडल महामंत्री सुमंत्रा ठाकुर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नीलेश डेहरिया रियाज खान धर्मेंद्र वासनिक ऋषभ सूर्यवंशी समस्त भाजपा मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में तामिया ब्लॉक में 17 छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन के माध्यम से माननीय प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी द्वारा स्कूटी का पेमेंट सिंगल क्लिक से किया गया ब्लॉक के सांदीपनि महाविद्यालय से यशवंत पंनद्राम पायल साहू इन दोनों बच्चों को भाजपा मंडल तामिया दयाराम ईरपाची के हंसते प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस गरिमा में कार्यक्रम में समस्त छात्र छात्राएं एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

## सीएमओ के खिलाफ पार्षदों ने एसडीएम से की शिकायत

**न्यूटन / परासिया** :- नगर पंचायत न्यूटन के प्रभारी सी एम ओ राहुल कौरव के खिलाफ भाजपा पार्षदों ने एस डी एम से शिकायत की है । पार्षद जयंत राय , राहुल सराठी , सीमा इरपाची , ज्योति यदुवंशी और निकिता बरखे का कहना है , कि सी एम ओ नगर पंचायत में भाजपा पार्षदों से भेद भाव पूर्ण रवैया अपना रहे हैं । फ़ोन लगाओ तो उठाते नहीं हैं । उनके चैम्बर में मिलने जाओ तो उठकर चले जाते हैं । उप चुनाव में अध्यक्ष के केबिन में वोटर लिस्ट देखते पाए जाने पर इन्हें तत्काल हटा दिया गया था , दुबारा प्रभार मिलने पर वे भाजपा पार्षदों को घृणा की दृष्टि से देखते हैं । कार्यालय में पदस्थ एक स्थाई कर्मचारी जो बीते दो माह से कार्यालय में नजर नहीं आई उसके फर्जी हस्ताक्षर करवाकर भुगतान किया जा रहा है । भाजपा पार्षदों के वार्डों में काम नहीं कराये जा रहे हैं । सी एम ओ की दुर्भावनापूर्ण कार्य प्रणाली को देखते हुए एस डी एम से शिकायत कर सी एम ओ को हटाने की मांग की गई है । एस डी एम को ज्ञापन देने के दौरान भाजपा नेता श्रीचंद पटेल , हरी आठनकर , इंद्रपाल साहू भी मौजूद रहे ।

### प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला को हिरदागढ़ स्टेशन पर उतारकर दमुआ हास्पिटल पहुंचाया

**दमुआ।** स्वास्थ्य विभाग की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर सवालो के घेरे में है शुक्रवार को मेमो ट्रेन में सफर कर रही एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड शुरू होने पर नवेगांव की वजह अपातकालीन स्थिति में हिरदागढ स्टेशन उतारना पडा गनीमत रही उसी ट्रेन में सफर कर रही कुछ आंगनवाडी की महिलाओ की मदद से ट्रेन से उतार कर जननी ऐक्सप्रेस से दमुआ हास्पिटल पहुंचाया गया ज्ञात हो कि प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि हिरदगढ के पास बाम्हनवाडा आरोग्य केन्द्र लेकिन वहा लम्बे समय से चिकित्सक अनुपस्थित रहते है और रात मे केन्द्र पूरी तरह से बंद रहता है आपातकालीन स्थिति मे मरीजो को निजी अस्पताल वाले भी नही सम्भालते जिससे मरीजो को भारी परेशानी होती है पहले छिन्दीकामथ में अस्पताल था उसे पिछले वर्ष हरियागढ शिफ्ट कर दिया गया इसके बाद से आसपास के लोगो को स्वास्थ्य सेवा के लिए भटकना पड रहा है पंचायत द्वारा कई बार अस्पताल वापस स्थापित करने का प्रस्ताव भेजा गया किन्तु अब तक कोई ठोस कदम नही उठाया गया।

# धम्म ध्वज रैली में आएंगे सैकड़ों बौध्द भिक्खु

## हर गांव से बौद्ध अनुयायियों को शामिल करने बनी प्लानिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शुक्रवार को नगर के बौद्ध विहार महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को लेकर 24 सितंबर को सौसर में होने वाले धम्म ध्वज यात्रा समापन समारोह को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक सौसर के बौद्ध विहार में शुक्रवार को संपन्न हुई है।बैठक के दौरान कार्यक्रम अतिथि,धम्म रैली,भोजन,आर्केस्ट्रा स्वागत सत्कार मंच कार्यक्रम, श्री छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा पूजन आदि को लेकर रूपरेखा बनाकर चर्चा की गई है।बैठक के दौरान सौसर क्षेत्र के ग्राम वार समाज बंधुओ को जिम्मेदारियां सौपी गई है।बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया 17 अगस्त नागपुर की दीक्षाभूमि से शुरू हुई यात्राछिदवाड़ा होते हुए बुधवार 24 सितंबर को सौसर आ रही है। आयोजन में यात्रा प्रमुख पूज्य भन्ते विनाचार्यजी, पूज्य भन्ते, ज्ञान ज्योति,भन्ते रेवतजी श्रीलंका,आकाश लामाजी टीवी सिने कलाकार हिमांशु सोनी,भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष भीमराव अंबेडकर,नितिन गजभिये,गायक प्रकाशनाथजी पाटनकर,के अलावा बड़ी संख्या में देश-विदेश केभिक्खु संघ को आमंत्रित किया गया है।बैठक में मुरलीधरजी कामलेदिलीप बागड़े, मिलिंद बंसोड़, राजेश बागडे, सिद्धार्थ सोमकुवर, सूरज पगारे,दिवाकर बागड़े, संजय तायड़े, चंद्रप्रकाश रंगारे, प्रेमराज गजभिए, अमोल रंगारे, कैलाश गजभिए विजय नागदवने, श्रीमती ललिता दुफारे, योगिता कड़बे, शिला सोमकुंवर, दयावती दहाट, कविता सोमकुंवर आदि थे।

# पखड़िया-मारई के किसानों को एक दिवसीय प्राकृतिक खेती तकनीक का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले मे संचालित आत्मा परियोजना के माध्यम से नेशनल मिशन ओंन नेचुरल फ़ार्मिंग के तहत जिला कलेक्टर एवं कृषि उपसंचालक सह परियोजना संचालक आत्मा जितेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन मे छिंदवाड़ा विकास खंड के 5 क्लस्टर मे से एक पखड़िया मारई के किसानो को एक दिवसीय प्राकृतिक खेती तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया।

विकासखंड तकनीकि प्रबंधक ज्योति डेहरिया ने बताया की प्रशिक्षण मे जैविक खेती के अवयव बीजामृत,जीवामृत, जैविक कीटनाशक नीमास्त्र, पांचपत्ती काढ़ा आदि बनाने की विधि एवं महत्व की जानकारी दी गई साथ ही खेत पर बनाकर किसानों को दिखाया गया एवं उपयोग का तरीका भी समझाया गया, प्रशिक्षण मे सृजन से रामभजन डेहरिया एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक पूनम डेहरिया उपस्थित रहे गौरतलब है की विकासखंड छिंदवाडा मे 5 क्लस्टर बनाए गए है जिसमें मदनपुर, भाजीपानी, सुसरई, पखड़िया एवं रोहनकला ग्राम पंचायत के 625 किसानों को उनकी सहमति से प्राकृतिक खेती हेतु एम पी किसान पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है इनमें 10 कृषि सखी का भी चयन किया गया है जो किसानों के खेतों का निरीक्षण करेंगी किसानों को प्राकृतिक खेती के तरीके सिखाएंगी जिससे किसानों की कृषि भूमि में कार्बन की मात्रा बढ़ेगी तथा जमीन को उपजाऊ बनाने एवं बिना रसायन के खेती करने मे मदद मिलेगी तथा जैविक उत्पाद के प्रयोग से स्वास्थ लाभ मिल सके और अपने खेती के उत्पादन का मूल्य भी किसानों को अधिक मिले. प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि सखी वंदना इंगले के खेत पर आयोजित किया गया जहाँ प्राकृतिक तरीके से उगाई जा रही लौकी, करेला, तुरईया, ककड़ी एवं तुअर की फसल देखा गया।

### भाजपा जिलाध्यक्ष का अभिनंदन करने नवनियुक्त जिला पदाधिकारी पहुंचे भाजपा कार्यालय

# आप सभी भाजपा द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का तन मन और शुद्ध अंतःकरण से निर्वहन करेंगे: शेषराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय द्वारा देर शाम छिंदवाड़ा जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसको लेकर नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों के समर्थक खासे उत्साहित है। नवनियुक्त जिला पदाधिकारी अपने समर्थकों के साथ शुक्रवार की सुबह जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे। जिला कार्यालय पहुंचकर नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव को फूलमाला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर धन्यवाद दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर नए दायित्वों के लिए बधाई दी एवं आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।



भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं और जब पार्टी हम पर भरोसा करके पद के रूप में जिम्मेदारी सौंपती है तब पार्टी के प्रति हमारा उत्तरदायित्व और अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि आज से आप सभी भाजपा के नए दायित्वों का निर्वहन करेंगे और मैं आपसे अपेक्षा करता हूं कि आप सभी भाजपा द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का तन मन और शुद्ध अंतःकरण से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को एक बार फिर से बधाई देता हूं।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों ने की सांसद से मुलाकात

**छिन्दवाड़ा।** वर्तमान में घोषित की गई जिला भाजपा की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सांसद कार्यालय पहुंचकर सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात की। इस दौरान सांसद श्री साहू ने सभी पदाधिकारियों का मिठा खिलाकर और गुलगस्ता देकर उनका स्वागत किया। सांसद श्री साहू से मुलाकात करने वालों में जिला भाजपा के उपाध्यक्ष राजू नंदवंशी व योगेश साहू और मंत्रियों में गोलू नागरे और नीलू निर्मलकर शामिल थे। इस दौरान उनके साथ उनके समर्थकों और क्षेत्रवासियों ने भी सांसद श्री साहू से मुलाकात की। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों के समर्थकों व क्षेत्रवासियों ने सांसद श्री साहू का उनके क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों को नई जिम्मेदारी दिए जाने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए अपने क्षेत्र के संगठन को लेकर चर्चा की और क्षेत्र की कुछ समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिस पर सांसद श्री साहू ने शीघ्र ही समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन क्षेत्र वासियों को दिया। इस दौरान महापौर विक्रम अहके, मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता टीकाराम चंद्रवंशी, रिजवान कुरैशी, अरविंद राजपुत व अलकेश लाम्बा और अन्य पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### सरपंच-सचिव ग्राम सहायक हो रहे परेशान

**दमुआ।** जनपद पचायत जुन्नारदेव के अन्तर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतो में शासन की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत विकास निर्माण कार्य तो हो रहे है जैसे मनरेगा, कुंआ, मेढ बंधान, स्टाप डेम, तालाब, रपटा , सडक, पुल पुलिया, भवन आदि अनेक विकास निर्माण कार्य सामिल है और समय समय पर ग्राम पंचायतो में शासन की गाईड लाईन के आधार पर विकास निर्माण कार्य युद्ध गति से चल रहे है विकास निर्माण कार्य को कराने के लिए पंचायत के सचिव, सरपंच, ग्राम सहायक के द्वारा सामाग्री उधारी खरीदी करके विकास निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाता है उसके बाद समय सीमा में बिल बाउचर पोर्टल पर अपडेट भी कर दिया जाता है परन्तु समय सीमा के अन्दर शासन द्वारा राशि का भुगतान नही किये जाने से ग्राम पंचायतो के निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे है समय पर राशि मद का भुगतान नही होने पर सरपंच सचिव ग्राम सहायक, मजदूर आदि सभी लोग आर्थिक तंगी से जूझ रहे है।

**कार्यालयः-बहुउदेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पेक्स) पांजरा, विकासखंड चौरई जिला छिन्दवाड़ा**
पंजीयन क्रमांक 480 दिनांक 31/12/1994
**वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना** दिनांकः-12/09./2025
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) पांजरा के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है। कि साधारण आमसभा की बैठक दिनांक 27/09/2025 दिन शनिवार समय दोप. 2:00 बजे से स्थान समिति कार्यालय पांजरा में आयोजित की जावेगी। जिसमें निम्न विषयों पर विचार करके निर्णय लिया जाना है। अतः आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है-:
विषय सूची :- 1- आगामी वर्ष 2025-26 के लिये क्रिया कलापों एवं कार्यक्रमों पर विचार 12- संचालक मण्डल केसदस्यों का निर्वाचन यदि कराया जाना अपेक्षित है, पर विचार। 3- वर्ष 2024-25-के अंकेक्षण प्रतिवेदन (संपरिक्षा प्रतिवेद) का अवलोकन कर स्वीकृति प्रदान करना। 4- वर्ष 2024-25 के शुब्द लाभ के व्ययन बाबद पर विचार 15-आगामी सहकारी वर्ष 2025-26 के लिये बजट प्रस्तुत करने बाबद पर विचार 16- वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्य संचालन के कारण हुए घाटे के कारणों का परिक्षण करने बाबद विचार। 7- वर्ष 2025-26 लेखाओं की संपरीक्षा करने के लिये संपरीक्षक की नियुक्ति करने बाबद व विचार । 8- अधिनियम / उपविधि के प्रावधान अनुसार अतिशेष व्ययन के प्लान पर विचार। 9- अन्य विषय प्रशासक एवं आमसभा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।
नोटः. कोरम के अभाव में साधारण वार्षिक आमसभा की बैठक आधा घंटे के लिए स्थगित की जावेगी आधा घंटे पश्चात बैठक पुन उसी स्थान पर प्रारंभ की जावेगी जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।
**श्री मोहन प्रसाद पांडे, प्रबंधक** **सुश्री. सरिता बट्टी, प्रशासक**

**कार्यालयः-बहुउदेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पेक्स) साजपानी, विकासखंड- चौरई जिला- छिन्दवाड़ा**
पंजीयन क्रमांक 18 दिनांक 31/10/1966
**वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना** दिनांकः-..../...../2025
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) साजपानी के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है। कि साधारण आमसभा की बैठक दिनांक 20/09/2025 दिन शनिवार समय दोप. 2:00 बजे से स्थान समिति कार्यालय साजपानी में आयोजित की जावेगी। जिसमें निम्न विषयों पर विचार करके निर्णय लिया जाना है। अतः आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
विषय सूचीः- 1- आगामी वर्ष 2025-26 के लिये किया कलापों एवं कार्यक्रमों पर विचार 2- संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन यदि कराया जाना अपेक्षित है, पर विचार। 3 वर्ष 2024-25 के अंकेक्षण प्रतिवेदन (संपरिक्षा प्रतिवेद) का अवलोकन कर स्वीकृति प्रदान करना। 4- वर्ष 2024-25 के शब्द लाभ के व्यय बाबद पर विचार 5 - आगामी सहकारी वर्ष 2025-26 के लिये बजट प्रस्तुत करने बाबद पर विचार 6 वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्य संचालन के कारण हुए घाटे के कारणों का परिक्षण करने बाबद विचार। 7-वर्ष 2025-26 लेखाओं की संपरीक्षा करने के लिये संपरीक्षक की नियुक्ति करने बाबद व विचार । 8 अधिनियम / उपविधि के प्रावधान अनुसार अतिशेष व्यय के प्लान पर विचार। 9 अन्य विषय प्रशासक एवं आमसभा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।
नोटः. कोरम के अभाव में साधारण वार्षिक आमरामा की बैठक आधा घंटे के लिए स्थगित की जावेगी आधा घंटे पश्चात बैठक पुन उसी स्थान पर प्रारंभ की जायेगी जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।
**श्री सूरज प्रसाद सनोडिया, प्रबंधक** **श्री मो. आरिफ कुरैशी, प्रशासक**

**कार्यालय-बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित झिलमिली**
पंजीयन कमांक 481 दिनांक 31.12.1994
**वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना** दिनांक 05.09.2025
बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित झिलमिली के समस्त अंशधारी को सूचित किया जाता है कि वार्षिक साधारण आमसभा की बैठक दिनांक 19.09.2025 शुक्रवार समय दोपहर 12:00 बजे स्थान समिति कार्यालय भवन झिलमिली में आयोजित कि जायेगी जिसमें निम्न विषयो पर विचार करके निर्णय लिया जाना है अतः आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
विषय-सूचीः-1. आगामी वर्ष 2025-26 के लिये किया कलापो पर विचार। 2. संचालक मण्डल के सदस्यो का निर्वाचन यादि कराया जाना अपेक्षित है पर विचार। 3. प्राप्त संपरीक्षा रिपोर्ट वर्ष 2024-25 पर बाबद विचार। 4. वर्ष 2024-25 के शुध्द लाभ के व्ययन बाबद पर विचार। 5. आगामी सहकारी वर्ष 2025-26 के लिये बजट प्रस्तुत करने बाबद पर विचार। 6. आगामी सहकारी वर्ष 2024-25 में कार्य संचालन के कारण हुऐ घाटे के कारणो का परिक्षण करने बाबद पर विचार। 7. वर्ष 2025-26 लेखाओ की संपरीक्षा करने के लिए संपरिक्षक नियुक्ति करने बाबद विचार। 8. अधिनियम / उपविधि के प्रावधान अनुसार अतिषेष व्ययन के प्लान पर विचार। 9. अन्य विषय प्रशासक महोदय के अनुमोदन बाबत ।
नोट- कोरम के अभाव में साधारण आमसभा की बैठक आधा घंटे के स्थगित की जावेगी आधा घंटे पश्चात बैठक पुन प्रारंभ की जावेगी जिसमें कोरम की आवष्यकता नही होगी तथा स्थगित आमसभा बैठक में उपरोक्त एजेंडे के अतिरिक्त अन्य विषयो पर निर्णय नहीं लिये जा सकेंगें।
**राधेश्याम चौधरी, प्रबंधक** **सुश्री. सरिता बट्टी, प्रशासक**

## इंटर स्कूल वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर




**पांढुर्ना।** स्थानीय रामशांति विद्या मंदिर में सुनीता मेमोरियल टैलेंट हंट सिरीज में चतुर्थ इंटर स्कूल प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसमें सौंसर एवं पांढुर्ना के सीबीएसई स्कूलों ने हिस्सा लिया। वाद विवाद प्रतियोगिता हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में कराई गई। ''परीक्षा ही छात्र की क्षमता का सही मापदंड है'' इस विषय पर हिंदी एवं अंग्रेजी में डिबेट हुई। हिंदी भाषा में हुई डिबेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कृपा कथुरिया रामशांति स्कूल पांढुर्ना, द्वितीय स्थान पर श्रेजा धुंडे भंसाली विद्यामंदिर सौंसर एवं तृतीय स्थान पर देवेंद्र राउत रामशांति स्कूल पांढुर्ना रहे। अंग्रेजी भाषा में हुई डिबेट में प्रथम आलिया मालाधारी भंसाली विद्यामंदिर सौंसर, द्वितीय किंजल यादव रामशांति स्कूल पांढुर्ना तथा तृतीस स्थान पर आस्था गायकवाड सुभाष मोंटेसरी सौंसर रही। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक के रूप में रिटायर्ड बीईओ योगिराज वानोडे तथा बीएसी नरेंद्र बांबल मौजूद रहे। निर्णायकों ने विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्तिपत्र के साथ अन्य प्रतियोगियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर शाला चेयरमेन सुभाष बुधराजा, प्राचार्या चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले, एवं शालेय स्टाफ मौजूद रहा।

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष, कलेक्टर ऑफिस भूमि का चयन लोगों के लिए अंडमान निकोबार जैसा

# दान की भूमि का दोबारा दान कैसे?



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्ना**

आज कलेक्टर अजय देव शर्मा से मुलाकात कर कांग्रेस प्रतिनिधयों एवं पदाधिकारियो ने अमरावती रोड पर पांढुर्ना कलेक्टर कार्यालय के लिए चिन्हित की जा रही भूमि को जनता के लिए असुविधाजनक और परेशानी भरा बताया। सौंसर विधायक विजय चौरे ने, चेतावनी दी है कि यदि जिला प्रशासन पांढुर्ना और सौंसर के हितों के विपरीत लिए गए निर्णय पर कायम रहता है तो हम पांढुर्ना में विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष जतन उईके ने कहा कि कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना के लिए अमरावती रोड पर शनि मंदिर के पास जिस भूमि के चयन की चर्चा है वह पांढुर्ना और सौंसर दोनों तहसीलों की जनता के आवागमन के लिए अनुकूल नहीं है। जिला कांग्रेस कमेटी चाहती है कि सौंसर एवं पांढुर्ना नगर तथा दोनों तहसीलों के ग्रामों में निवास करनेवाली जनता के आवागमन के लिए सुविधाजनक हो ऐसे स्थान पर कलेक्टर कार्यालय बनना चाहिए। जतन उईके ने यह भी का कि जो भूमि वर्षो पूर्व में किसी को दान दी गई हो, दान लेनेवाले द्वारा उसे दोबारा दान किया जाना नियम में नहीं है। सौंसर विधायक विजय चौरे ने कलेक्टर को प्रस्तुत पत्र में कहा कि अमरावती रोड पर कलेक्टर कार्यालय के लिए चिन्हित सौंसर और पांढुर्ना वालों के लिए अंडमान निकोबार जाने आने के समान है। इन्होंने कहा कि कलेक्टर कार्यालय अमरावती रोड से भी 200 मीटर भीतर है। जिन्हें कलेक्टर कार्यालय जाना है वह दूरस्थ ग्रामों से पहले बस स्टैंड पांढुर्ना पहुंचेंगे। इसके बाद इस चिन्हित भूमि पर जाने के लिए 100 रू. और बस स्टैंड पांढुर्ना लौटने के लिए फिर 100 रू खर्चा करने होंगे। विधायक विजय चौरे ने पत्र में लिखा है पहले प्रशासनिक अधिकारीगण मोरडोंगरी के आस पास कलेक्टर ऑफिस के लिए भूमि चिन्हित किए जाने के विचार से पूर्णतः सहमत थे। लेकिन अब ना जाने क्या हो गया है ? आज उक्ताशय का ज्ञापन देते समय ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विश्वास कांबे, वरिष्ठ नेता सुनील बुधराजा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोड़े, रवि खापरे, अरूण धुर्वे के अलावा अन्य मौजूद थे।

## जिला भाजपा के नए पदाधिकारियों का स्वागत



**पांढुर्ना।** कल जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने प्रेस अपनी कार्यकारिणी में नए पदाधिकारियों को मनोनीत किया। आज जिला भाजपा कार्यालय में इन नए पदाधिकारियों का स्वागत सत्कार समारोह हुआ। नए पदाधिकारियों में रामकृष्ण वाकोडे, माया राउत, उज्वल सिंह चौहान, सदन साहू, प्रीतम राउत, यादोराव डोबले, सीताराम कोरडे तथा दीपक कामडे को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। महामंत्री पद पर देवेंद्र गायकवाड तथा अनिल कुमरे को मनोनीत किया गया है। ललिता कुमरे, अशोक मानापुरे, कैलाश जैस्वाल, लीलाबाई बोबडे, उषा भमोरे, सुगंधा धुर्वे तथा अरूणा डोंगरे को मंत्री बनाया गया है। त्रृषि सोनी को कोषाध्यक्ष तथा विलास घोंगे को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

## स्टेप फॉरवर्ड स्कूल की गौरवपूर्ण उपलब्धि



**जुन्नारदेव।** स्टेप फॉरवर्ड स्कूल की खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर अपनी मेहनत और लगन से संस्था का नाम रोशन किया है। हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्कूल के 6 खिलाड़ियों का चयन डिविजनल लेवल के लिए हुआ है। चयनित बास्केटबॉल खिलाड़ियों में वर्णिका साहू,डोली साहू,विद्या यदुवंशी, रिद्धिमा सूर्यवंशी,वर्णिका साहू अनिका खान,मानसी साहू इन खिलाड़ियों में अंडर–19 और अंडर–14 गर्ल्स टीम की चयनित छात्राएँ आगामी दिनों में जबलपुर संभाग में आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना होंगी। विशेष उल्लेखनीय है कि एथलेटिक्स (शॉट पुट) में भी विधिका बरोडे पहले ही डिविजनल स्तर जबलपुर पर अपनी प्रतिभा दिखा चुकी हैं। बड़ी एक और उपलब्धि में संस्था के होनहार छात्र प्रत्युष सोनी जिनका डिस्ट्रिक्ट लेवल टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन के पश्चात संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए इनका चयन किया गया है। यह विभिन्न खेलों में संस्था के खिलाड़ियों द्वारा प्राप्त बड़ी उपलब्धि संस्था और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण ने स्कूल को एक नई ऊँचाई प्रदान की है। संस्था स्टेप फॉरवर्ड के डायरेक्टर आशीष गुप्ता प्राचार्य पामेला वार्ड, जैसलिन जॉर्ज,पीटीआई अंसार अंसारी कोच कपिल टेकाम सहित समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर गहरा हर्ष व्यक्त किया और सभी चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए ढेरों शुभकामनाएँ दी है।

## उत्तर भारत में आई प्राकृतिक आपदा के जिम्मेदार न्याय व्यवस्था और द्वेषपूर्ण राजनीति - साहू



**छिंदवाड़ा.** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने महामहिम राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि उत्तर भारत जिसमें पंजाब , हरियाणा , जम्मू-कश्मीर , उत्तराखंड और दिल्ली के राज्य आतें हैं । पिछले सप्ताह जो प्रकृति आपदा, बाढ़ आई इसके जिम्मेदार न्याय व्यवस्था और गन्दी राजनीतिक व्यवस्था है । देशभर के लाखों साधकों और कई सामाजिक संगठनों ने समस्त जिला केंद्रों पर 29 अगस्त को परम पूज्य संत श्री आशाराम जी बापू पर अत्याचार रोकने के लिए आपको ज्ञापन देकर आगह किया था कि आम लोगों को प्रकृति प्रकोप से बचाना है तो सन्तों पर अत्याचार बन्द करो । जिला केंद्र पर भी बहुत से धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने माँग कर उदाहरण देकर निवेदन किया था। सभी के प्रार्थना पर गौर करने की बजाय 30 अगस्त को जोधपुर उच्च न्यायालय ने उनकी अंतरिम जमानत रद्द कर उन्हें उचित स्वास्थ्य लाभ से वंचित कर पुनः जेल में डाल दिया । 29 अगस्त को जो ज्ञापन दिया था वो 31 अगस्त काला दिवस के निमित्त था। उसमें सब कुछ उल्लेख था । 30 अगस्त के बाद पूरा जम्मू-कश्मीर , पंजाब , उत्तराखंड , हरियाणा और दिल्ली भीषण बाढ़ की चपेट में आ गया जिसमें लाखों लोग अकारण मौत का ग्रास बन गए और लाखों लोग बेघर हो गए । प्रकृति का प्रकोप इतना भयंकर था कि कटरा में वैष्णो देवी माता की यात्रा बन्द , अमरनाथ की यात्रा बन्द , बद्रीनाथ , केदारनाथ की यात्रा बन्द , ऋषि केस के घाट बन्द , मणिमहेश की यात्रा बन्द , धारी देवी की यात्रा बन्द यह सब धार्मिक यात्रा बन्द का सीधा सा मतलब है भगवान स्वयं इंसानों से रुष्ट हैं । सरकार को न्याय व्यवस्था को आगाह करने के बाद राजनीतिक द्वेष के कारण ऐसा हुआ है । जिसमें लाखों लोग बेवजह मारे गए । ऐसा 25 अप्रैल 2018 को पूज्य बापूजी को जबरन सजा सुनाई थी तब सन 2019 को कोविड 19 आकर करोड़ो लोगों की मौत का कारण बना ।

## सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल की कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव**



भाजपा मंडल जुन्नारदेव में मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा की तैयारियों पर चर्चा की गई। मंडल संयोजक बूटा चटर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन अंत्योदय को समर्पित है। उनका जन्मदिन सेवा कार्यों के जरिए मनाया जाना चाहिए। पूर्व विधायक नाथन शाह कावरेती ने बताया कि सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान, रक्तदान, पौधरोपण और स्वास्थ्य जांच जैसे कार्यक्रम होंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने कहा कि सभी कार्यक्रम मंडल और बूथ स्तर पर होंगे। हर कार्यकर्ता को सक्रिय भागीदारी करनी होगी। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री स्मृति यादव, नपा अध्यक्ष रमेश सालोडे, वरिष्ठ नेता शिवकुमार राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, शंकर सेन, नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, मंडल सह संयोजक आदित्य उपाध्याय, रीना चौरसिया, सपना पाल, राजेंद्र यादव,मंडल कोषाध्यक्ष बंटी मनीष साहू, अपील समिति सदस्य व पार्षद संजय जैन, सीमा कैलाश चौरसिया, दीप्ति कांत साहू, प्रमिला विजय पाल, प्रमोद बंदेवार,राजेंद्र सूर्यवंशी, भारत जोशी, सोनू जैन, अमित यादव,नितेश राजपूत, देवेंद्र टांडेकर, भूषण अरोड़ा,अभिषेक पारे, अभिषेक चौरसिया, राघव शर्मा, रूपेश विश्वकर्मा,भूपेश बंटी साहू, विपिन बिंदवारी, महेंद्र नामदेव, सन्नी गोदवानी, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री अमन सोनी, अनिल यदुवंशी, दिनेश यदुवंशी,जितेंद्र सूर्यवंशी,पवन टांडेकर, सानू पांडे, सलमान लाला, कपिल शुक्ला एवं महिला कार्यकर्ता अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## बीसापुरकला उपकेन्द्र की क्षमता वृद्धि से लो वोल्टेज समस्या हुई खत्म

**छिन्दवाड़ा।** जहाँ रोशनी पहुँचती है, वहाँ तरक्की के रास्ते खुद-ब-खुद खुल जाते हैं। इसी सोच के साथ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा विद्युत अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण की योजनाएँ तेजी से क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने छिन्दवाड़ा वृत अंतर्गत बीसापुरकला उपकेन्द्र पर स्थापित 3.15 **MVA** पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर उसे 5 **MVA** कर दिया है। इस कार्य पर लगभग 50 लाख रुपये की लागत आई है।

**प्रत्यक्ष लाभ –** इस क्षमता वृद्धि से बीसापुरकला, भांडखापा, सांख एवं बिजापुरकला ग्रामों के लगभग 4,500 उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

### भाजपा के लिए लगातार कर्मठता के साथ कर रहे जवाबदारियों का निर्वहन

## वारासिवनी जनपद पंचायत भूतपूर्व अध्यक्ष किशोर अमूले बनाए गए भाजपा जिला उपाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी बालाघाट जिला अध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे द्वारा जिला कार्यकारिणी घोषित की गई है।

इस कार्यकारिणी में जनपद पंचायत वारासिवनी के भूतपूर्व अध्यक्ष किशोर अमूले को उपाध्यक्ष बनाया गया है। राजनीतिक जीवन में विभिन्न पदों पर आसीन रहे किशोर अमूले दो बार जिला पंचायत सदस्य, दो बार वारासिवनी मंडल अध्यक्ष, जनपद पंचायत वारासिवनी के अध्यक्ष एवं कृषि समिति सभापति का निर्वहन करते हुए वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश किसान मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य के साथ-साथ मंडला जिला के प्रभारी भी हैं।

वर्तमान में भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने किशोर अमूले की पार्टी के प्रति सक्रियता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात का जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा था, जिसमें बालाघाट जिला 88.88 प्रतिशत पर रहा था। श्री किशोर अमूले को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े, विधायक गौरव पारधी, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, किरण त्रिवेदी, जितेंद्र मोहरे, महामंत्री नरेंद्र भैरम, संजय मिश्रा, रामपायली मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे, वारासिवनी नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, खैरलॉजी जनपद पंचायत भूतपूर्व अध्यक्ष राकेश बनोटे, भूतपूर्व जनपद सदस्य चिरौंजी पारधी, भूतपूर्व सरपंच प्रदीप शरणागत, शैलेन्द्र तिवारी, यशवंत लिल्हारे, टीना राहंगडाले, नीलू दमाहे, विनोद मिश्रा, राकेश



सेवईवार, गुड्डू प्रवीण अग्रवाल, राजेश गोमासे, श्रावण ठाकरे, अविनाश देशमुख, शिवप्रसाद सोनवाने, सैयद न्याज अली, रुपेश वैद्य, रमेश पटले, अविनाश पारधी, डॉ भानु राहंगडाले, बंटी तिवारी, अरुणा गजभिये, महेश शरणागत, अशोक चौधरी, विजय नगपुरे, मिथलेश दमाहे, युवराज शरणागत आदि अनेक ज्येष्ठ, श्रेष्ठ, कार्यकर्ता, सहपाठी, साथियों ने किशोर अमूले को प्रदेश एवं जिला नेतृत्व द्वारा भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अनंत शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं।

## भारतीय किसान संघ ने एसडीएम सौंपा ज्ञापन



### कृषि उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने सहित अन्य 7 मांग शामिल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शुक्रवार 12 सितंबर को भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के.सी.ठाकुर को प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के नाम 8 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपा है. दोपहर ढाई बजे संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. इसमें कुछ मांगे स्थानीय स्तर के अधिकारियों और कुछ मांगे प्रदेश सरकार से हैं. संघ ने कृषि उपज का लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किए जाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को किसान हितेषी बनाने के लिए नीति परिवर्तन करने केंद्रीय कृषि मंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय स्तर की उच्च कमेटी बनाने और उसमें भारतीय किसान संघ की भागीदारी सुनिश्चित करने और रिपोर्ट को आगामी खरीफ और रबी की फसलों के समय लागू करने की मांग की है।

संघ ने सभी फसलों की खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित करने और लागत को जोड़ने की पद्धति में पारदर्शिता की मांग की. वहीं काफी लंबे समय से चली आ रही मांग को दोहराते हुए पुनः मनरेगा योजना को कृषि से जोड़े जाने, प्रत्येक विकास खण्ड/ तहसील/ मण्डी स्तर पर लैब का निर्माण करवाया जहां किसान खाद और दवाईयों की जांच करवा सके निर्माण करवाने की मांग की है. किसानों की कृषि भूमि में मौजूद कुआं, बोरवेल को पटवारी अभिलेख या खसरे में दर्ज किया जाने, जंगली सूअर और आवारा पशुओं के द्वारा फसलों को पहुंचाए जाने वाले नुकसान का सर्वे करवाकर मुआवजा प्रदान करने और किसानों को फेंसिंग के लिये अनुदान दिए जाने की मांग भी शामिल है. संघ ने कहा कि वर्तमान समय में शासन के द्वारा म.प्र.विद्युत मण्डल द्वारा जो स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे है उसे हटाकर पुराने मीटर की व्यवस्था की जाए।

## सहकारी कर्मचारियों की चौथें दिन भी हड़ताल जारी



### किसान को खाद, गरीबों को अनाज और खाताधारकों को नहीं मिल रही रकम

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

मध्य प्रदेश की तर्ज पर कटंगी और बालाघाट में सहकारी समितियों के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर 08 सितंबर से शुरू की गई कलमबंद हड़ताल चौथें दिन 12 सितंबर को भी जारी रही. सुबह से लेकर शाम साढ़े 04 बजे तक कार्यालय में ताले लटके रहे. सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल से किसानों को खाद, ग्रामीण अंचलों की उचित मूल्य की दुकानों में गरीबों को अनाज नहीं मिल पा रहा है. समितियों में खाताधारकों को पैसा नहीं मिल पा रहा है. इन आवश्यक सेवाओं के प्रभावित होने से जनता बेहद परेशान है. कटंगी में वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति में किसान हर दिन खाद लेने और पैसा निकालने के लिए आ रहे है और फिर बेरंग वापस लौट रहे है. कटंगी समिति प्रबंधक डी.एस.परिहार ने बताया कि नियम 2018 के प्रावधानों के तहत 50 प्रतिशत क्रेडर समिति प्रबंधकों को विभागीय भर्ती किए जाने की मांग की जा रही है. इसके अलावा सरकार ने सेल्समैन को प्रतिमाह 3 हजार रुपए देने की घोषणा की थी लेकिन यह राशि भी नहीं मिल पाई है इस राशि को प्रदान करने की भी मांग है. समिति को वर्ष 2023 से प्रबंधकीय अनुदान की राशि भी नहीं मिल रही है. इन मांगों को लेकर सहकारी कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू की है. उन्होंने बताया समितियों को हर वर्ष 3 लाख 24 हजार रुपए की अनुदान राशि दी जाती है लेकिन राज्य सरकार से यह राशि भी नहीं मिल रही है. म.प्र. सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल के आहवान पर आगामी 24 सितंबर तक कलम बंद हड़ताल बुलाई गई है।

### उपसरपंच एवं ग्रामीणों के लगातार प्रयासों से मिली सफलता, ग्रामीणों की समस्या का समाधान जल्द होगा

## बिसोनी-नागझिरी मार्ग के निर्माण की दिशा में पहला कदम, विधायक ने किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी के ग्राम बिसोनी-नागझिरी मार्ग का दस वर्षो से मरम्मत कार्य नहीं हो पाया है। ऐसे में आवाजाही के दौरान लोगों को परेशान होना पड़ता है। गुरुवार11 सितंबर को विधायक राजकुमार कर्राहे ने ग्रामीणों और लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ एवं इंजीनियर, नप इंजीनियर की मौजूदगी में इस सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। यह



जर्जर मार्ग राजस्व के नक्शे में शामिल न होने के कारण बाधा उत्पन्न हो रही थीं। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्या को हल करने के लिए मार्ग को हस्तांतरण कर लोक निर्माण विभाग लांजी को निर्माण करने की जवाबदारी सौंपी। साथ ही बताया जा रहा है कि यह मार्ग साप्ताहिक बाजार को भी जोड़ता है। जहां पर रोजाना आवागमन बना रहता है, लेकिन जर्जर मार्ग होने के कारण जनमानस को आवागमन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इन सभी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए विधायक लांजी ने तत्परता दिखाकर उक्त मार्ग निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। विगत दिनों बारिश होने के कारण हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उक्त मार्ग दलदल में तब्दील हो गया था। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने उक्त मार्ग को नक्शे में शामिल नहीं होने की बात तख्ती में लिखकर बंद कर दिया था। जिससे यहां से रोजाना सफर करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

**लोकनिर्माण विभाग द्वारा स्टीमेट बनाने की प्रक्रिया शुरूः** विधायक के निर्देश के बाद लोकनिर्माण विभाग द्वारा स्टीमेट बनाकर स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस मार्ग का निर्माण होने से उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा। परंतु ग्रामीणों के मन में यह संशय है की लांजी क्षेत्र में लोकनिर्माण विभाग द्वारा जितनी भी सड़कों का निर्माण कराया गया है, उनकी हालत किसी से छिपी नहीं है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पहले ही उनकी गुणवत्ता लोगों के सामने आ जाती है। यह सवाल उठता है कि क्या लोकनिर्माण विभाग इस मार्ग का निर्माण सही तरीके से कर पाएगा?

**ग्राम के उपसरपंच और ग्रामीणों के प्रयासों का नतीजाः** वहीं बिसोनी से नागझिरी रोड को पक्की सड़क बनाने के लिये ग्राम के उपसरपंच पवन कश्यप एवं ग्रामीणों द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे थे जिसका परिणाम आज उन्हें दस वर्षो की कड़ी मेहनत के बाद मिल पाया है। उल्लेखनीय है की उक्त सड़क की बिसोनी बाजार से नागझिरी तक दूरी लगभग 2 किमी है। जो बीटी रोड के रूप में तैयार की जाएगी। उक्त मार्ग के बीच में चौक भी निर्मित किया जाएगा तथा मार्ग की चौड़ाई लगभग 5.5 मीटर होने की संभावना है। बिसोनी-नागझिरी मार्ग के निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### एड्स, मलेरिया और पोषण पर जागरूकता पर दी गई जानकारी

## गोदग्राम कालीमाटी में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/सचिव जिला एडस नियंत्रण समिति बालाघाट (म.प्र.) के निर्देशानुसार गोदग्राम ग्राम कालीमाटी लांजी में 12 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन प्रो. आर.आर. सोनवाने प्राचार्य एवं श्रीमती आशा लक्ष्मीचंद घोरमारे सरपंच के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। सर्वप्रथम नितेश मेश्राम (कार्यक्रम अधिकारी) राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच श्रीमती आशा लक्ष्मीचंद घोरमारे ने कहा हमें महाविद्यालय के इस प्रयास के लिए धन्यवाद देना चाहिए। महाविद्यालय द्वारा ग्राम को गोद लेने से हमें स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का समाधान मिल रहा है। हमें महाविद्यालय के साथ मिलकर काम करना चाहिए और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए। सिविल अस्पताल, लांजी की श्रीमती प्रमिला कटरे (आईसीटीसी) काउंसलर ने एड्स जागरूकता की कार्यशाला में एवं आईसीटीसी एवं एड्स के विकास में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम और स्वास्थ्य मंत्रालय के माध्यम से हमें एड्स के बारे में शिक्षित करने के लिए ग्राम के लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित शिव हरिणखेड़े (उमंग) काउंसलर ने कहा की उच्चशिक्षा में उमंग जोड़ दिया है। जिसमे पोषण आहार आदि से सत्यापित जानकारी दी जाती है। तथा श्याम डोहरे (एनआईटीएस) अस्पताल लांजी ने मलेरिया के फैलने के कारण एवं रोकने के उपाय पर जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित शंकर धारणे (जनभागीदारी सदस्य शासकीय महाविद्यालय लांजी) द्वारा कार्यशाला के लिए शुभकामनाएं दी तथा ग्राम के लिए गौरव की बात कही । मंच संचालन कर रहे डॉ. डालेश कुमार विजयवार ने स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला पर कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वयं सेवक राष्ट्रसेवा में योगदान देते है और समाज, क्षेत्र, तथा देश की समस्या के समय वे अपरी सेवा से सहयोग करते है । कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. आर.आर. सोनवाने प्राचार्य ने संबोधन में स्वास्थ्य कार्यशाला के लिए संरपच



## शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में साक्षरता दिवस मनाया गया

**वारासिवनी।** विकासखंड वारासिवनी अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 8 सितम्बर 2025 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर साक्षरता रैली निकाल कर साक्षरता का सन्देश दिया गया। साक्षरता दिवस कार्यक्रम में जन शिक्षा केंद्र बुदबुदा के जनशिक्षक रोशनलाल नगपुरे, अरविंद खोब्रागढ़े, सरपंच प्रतिनिधि कैलाश राणा, समाजसेवक शिवप्रसाद सोनवाने, एस एम सी अध्यक्ष अनीता पटले, उपाध्यक्ष गणेशा बिसेन, नवसाक्षर गंगाराम कटरे, धनवंता पटले, चुनवंता कटरे, पालकगणों में भूमेश्वरी पटले, माया कटरे, रजनीकांत बर्मन, रसोइया लक्ष्मी बिसेन, सुनीता बर्मन, शिक्षक रूपसिंह उइके, धन्नालाल बिसेन सहित स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि 13 सितम्बर 2025 को नगर पालिका के मानस भवन में प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। जिसमें नागरिकगण संपत्तिकर एवं जलकर करों का भुगतान कर अधिभार ;सरजार्च में प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। इसी तारतम्य में नगर पालिका सिवनी के वार्ड प्रभारियों के द्वारा 77 लाख रूपये से अधिक राशि के लगभग 2500 नागरिको के बिल तैयार कर बकाया राशि के भुगतान करने हेतु बिलों को वितरित किया गया है। नगर पालिका सीएमओ द्वारा नागरिको से अपील की गई है कि नागरिकगण अपने बकाया करों का भुगतान नेशनल लोक अदालत में पहुंचकर करें एवं शासन द्वारा अधिभार ;सरजार्च में प्रदाय की जाने वाली छूट का लाभ प्राप्त करें।

### जिला युवा संधि समाज सेवी संस्था ने श्रीगणेशोत्सव समितियों को किया सम्मानित

# बाल समाज गणेशोत्सव समिति केवटी वार्ड को प्रदान किया गया प्रथम पुरस्कार







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी अतीत में ब्रिटिश काल के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में सार्वजनिक रूप से श्री गणेशोत्सव मनाना प्रारंभ किया गया था ताकि लोगों को एक छत के नीचे लाया जा सके और स्वतंत्रता आंदोलनों से जोड़ा जा सके और तभी से ही श्रीगणेशोत्सव सार्वजनिक रूप से निरंतर पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया जाने लगा परंतु विगत कुछ वर्षो से जिले में श्रीगणेशोत्सव पर्व में अनेकों विसंगतियां देखने को मिली और श्रीगणेशोत्सव का मूल मंत्र भावनात्मक एकता उससे समाप्त हो गई और सभी समितियां स्वतः अकेले-अकेले उत्सव मनाने लगी। जिन्हे पुनः एक साथ लाने का प्रयास 25 वर्षो से जिले में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत जिला युवा संधि संस्था के द्वारा इस वर्ष किया गया, जिसको अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई और विलुप्त प्रायय हो चुका श्रीगणेशोत्सव का जुलूस पुनः शुक्रवारी से नेहरू रोड में इस वर्ष देखने को मिला।
संस्था ने समितियों के उत्साह वर्धन के लिए विगत दिवस समितियों को सम्मानित किया। जिला युवा संधि के बेनर तले शुक्रवारी के समीप काली चौक माता महाकाली मंदिर प्रागण में 10 दिवसीय श्री गणेशोत्सव पर्व में सनातन धर्म के विधि-विधान, शानीलनता, आपसी एकता, पूजन पद्धति एवं शोभायात्रा में शामिल प्रतिमाओं में चल रहे गाने सहित अनेक बिंदुओं पर विचार-विमर्श करने के उपरांत समितियों को सम्मानित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता महाकाली की महाआरती के पश्चात माता भगवती के महाप्रसाद ग्रहण करने के पश्चात प्रारंभ हुआ।
युवा संधि संस्था का सम्मान समारोह श्री महावीर व्यायाम शाला के वरिष्ठ संरक्षक शंकर लाल सोनी के मुख्य अतिथ्य, श्री महावीर व्यायाम शाला के अध्यक्ष सुदर्शन बाझल की अध्यक्षता एवं संस्था के वरिष्ठ स्वयं सेवक मार्गदशक मूलचंद यादव, श्रीकांत दुबे, सुरेन्द्र करोसिया, सीएल श्रीवास के विशेष आतिथ्य, थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी निरीक्षक किशोर बावनकर, लखनवाड़ा थाना प्रभारी सी.के. सिरामे के विशिष्ठ आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।
संस्था के द्वारा इस दौरान ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ रामगोपाल तिवारी मारबोड़ी, नगर के गणमान्य नागरिक अतुल मालू, रघुराज सिंह बघेल, अजय डागोरिया, अशोक चौहान, बाल्मिक समाज , अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष रोहित सक्सेना, श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष शरद दुबे, शिव तिवारी, श्रीराम सेना के बिक्की सनोडिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समितियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया नगर में श्रीगणेशोत्सव मनाने हेतु निर्धारित मापदंडो में खरा उतरने वाली बाल समाज गणेशोत्सव समिति केवटी वार्ड को प्रथम पुरूस्कार स्वरूप शील्ड देकर सम्मानित किया गया। **द्वितीय पुरूस्कार** शीतला माता मंदिर समिति एवं तृतीय पुरूस्कार सुनारी मोहल्ला गणेशोत्सव समिति को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।
इस अवसर पर अतिथियों ने सभी समितियों से सनातन परापंरा अनुरूप गणेशोत्सव का जिला युवा संधि द्वारा निर्धारित मापदंड अनुरूप आयोजन करने का आग्रह किया एवं सार्वजनिक उत्सव में नशा मुक्त बनाने की भी बात रखी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला युवा संधि संस्था के अध्यक्ष दिलीप नेमा, मनोज ब्रह्मवंशी, सूरज कश्यप, राजेंद्र गुप्ता , सुबोध बाझल , रोहित कश्यप, संदीप सोनी, अमित तिवारी, अमोल शुक्ला, लोकेश बघेल, पत्रकार राकेश मालवीय राजा , नरोत्तम साहू, अमोल शुक्ला, अरविंद गुप्ता का सहयोग सराहनीय रहा कार्यक्रम का मंच संचालन बसंत बघेल द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त सुदर्शन बाझल अध्यक्ष श्री महावीर व्यायामशाला द्वारा किया गया।

# मैहर वाली मां शारदा के पैदल दर्शन करने श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना

### लगातार 08 वर्षों प्रति वर्ष माता के दर्शन करने 300 किलोमीटर पैदल यात्रा हैं भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।



दिनांक 11/09/2025 को ग्राम बंदेली ,तहसील केवलारी , जिला सिवनी से पैदल यात्रियों का एक जत्था मां मैहर वाली शारदा भवानी के दर्शन हेतु रवाना हुआ है । ढोल नगाड़ों के साथ क्षेत्रवासियों ने उक्त समस्त भक्तजनों की विदाई किया एवं माता रानी से उनके सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामनाएं की। आपको बता दें कि यह श्रद्धालु 2018 से लगातार माता रानी के दर्शन करने प्रतिवर्ष लगभग 300 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हैं जो कि इस वर्ष आठवां वर्ष है ।
आपको बता दें कि उक्त पैदल यात्रा में ग्राम बंदेली निवासी एवं कांग्रेस के नेता राकेश सिंह राजपूत एवं उनके साथ प्रीतम सिंह राजपूत , सुरेन्द्र राजपूत , सोनू राजपूत , संजय राजपूत , अशोक पंचेश्वर , सरमन पंचेश्वर , अभय सिंह राजपूत , राजकुमार नाग , अंकित नाग , नोखेलाल नाग , पंडा पंचेश्वर , निखिल राजपूत , संकेत राजपूत , फागू वन्देवार , मंदीप रजक , राहुल राजपूत , सतेन्द्र राजपूत , हर्षित राजपूत , विशाल राजपूत , शोभित राजपूत , रामू झारिया , सुमित पाठक , राज बंदेवार , प्रकाश पंचेश्वर , दीपक पंचेश्वर , अमन राजपूत , मालहनवाड़ा से - अनुराग सिंह राजपूत , आशीष सिंह राजपूत , इसके अलावा ग्राम तिंदुआ से टेकसिंह सिंह राजपूत , से संतोष सिंह राजपूत ऐसे 32 श्रद्धालुओं का जत्था मातारानी के दर्शन करने मैहर के लिए रवाना हुए हैं।

# सायकल ले जाने की बात को लेकर पिता ने पुत्रों के साथ मिलकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरई।



पुलिस अधीक्षक सिवनी सुश्री शिमाला प्रसाद (भापुसे) के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट ललीत गठरे के मार्गदर्शन में दिनांक 10/09/2025 को सूचना प्राप्त हुई कि जिला चिकित्सालय सिवनी में मारपीट की चोटों से घायल एक व्यक्ति को ईलाज हेतु लाया गया था जिसकी मृत्यु हो गई है।
सूचना पर थाना कुरई पुलिस तत्काल जिला अस्पताल सिवनी पहुंची प्रार्थी प्रकाश परिहार पिता रामसिंह परिहार उम्र 30 साल निवासी दराशीखुर्द ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 09/09/2025 को रात्री करीबन 11/00 बजे इसके जीजा मृतक कोमल प्रसाद बोपचे पिता तातूलाल बोपचे उम्र 39 साल निवासी ग्राम धारनाकलां थाना बरघाट के साथ पंकज राहंगडाले, सरूपचंद राहंगडाले, अजय राहंगडाले निवासी दराशीखुर्द के द्वारा घर से सायकल ले जाने की बात पर से हत्या करने की नियत से डण्डा हाथ मुक्का से ग्राम दराशीखुर्द में कोमल प्रसाद बोपचे के साथ मारपीट किये थे एवं अधमरा कर वहीं छोडकर भाग गये थे जिसकी ईलाज के दौरान जिला चिकित्सालय सिवनी में मृत्यु हो गई है।
रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 453/25 धारा 103, 3(5) बी.एन.एस. का कायम किया गया दौरान विवेचना के आज दिनांक 12/09/2025 को आरोपी पंकज राहगंडाले पिता सरूपचंद राहंगडाले उम्र 27 साल, अजय राहंगडाले सरूपचंद राहंगडाले उम्र 24 साल तथा सरूपचंद राहंगडाले पिता भागचंद राहंगडाले उम्र 52 साल सभी निवासी ग्राम दराशीखुर्द गिरफ्तार किया जाकर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक MP22ZG0458 एवं आलाजर्र जप्त कर आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है।

# बाबा विजय नंदन ने नकली दवाओं के खिलाफ आवाज उठाई

**जिले से एक अनोखी आवाज उठी है, जो किसानों के हितों की रक्षा के लिए एक बड़ा अभियान चला रही है। बाबा विजय नंदन ने नकली दवाओं के खिलाफ आवाज उठाई है, जो किसानों को धोखा दे रही हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बाबा विजय नंदन ने केंद्रीय कृषि मंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और संपूर्ण भारत के मुख्यमंत्रियों को आवेदन दिया है, जिसमें उन्होंने मांग की है कि नकली दवा बनाने वाली कंपनियों के मालिक अगर दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें फांसी की सजा दी जाए। यह एक बड़ा कदम है जो किसानों के हितों की रक्षा के लिए उठाया गया है।
बाबा विजय. नंदन ने केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखकर सूचित किया है कि अगर 17 सितंबर 2025 तक नकली दवा बनाने वाली कंपनी के मालिक के खिलाफ फांसी के कानून के लिए संसद में कोई कार्रवाई नहीं की विजय नंदन की जंग जाती है, तो वह 19 सितंबर 2025 को केंद्रीय कृषि मंत्री के सरकारी आवास के सामने आमरण अनशन पर बैठेंगे। राष्ट्रपति ने बाबा विजय नंदन के आवेदन पर संज्ञान लिया है और कृषि मंत्री के सचिव को फॉरवर्ड किया है। जल्द ही कार्रवाई की उम्मीद है। यह एक बड़ी सफलता है जो बाबा विजय नंदन की मुहिम को और मजबूत करेगी । बाबा विजय नंदन की इस मुहिम से किसानों में एक नई उम्मीद जगी है। अब देखना यह है कि सरकार इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और नकली दवाओं के खिलाफ लड़ाई में कितनी सफलता मिलती है।

# स्कूटी पाकर बच्चों के चेहरे खिले, परिवारजनों ने भी खुशी जाहिर की

### जिले के 199 मेधावी विद्यार्थी हुए लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार 11 सितम्बर को प्रातः 11:30 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे, कन्वेंशन सेंटर भोपाल में मुख्यमंत्री निःशुल्क ई-स्कूटी वितरण योजना अंतर्गत निःशुल्क ई-स्कूटी वितरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के शासकीय हायरसेकेण्डरी स्कूलों में अध्ययनरत बालक, बालिकाओं को विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किये जाने पर निःशुल्क ई-स्कूटी वितरण की गई। जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे द्वारा बताया गया कि सिवनी जिले में भी जिला स्तरीय मुख्यमंत्री निःशुल्क ई-स्कूटी वितरण योजना अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार 11 सितम्बर को बाहुबली लॉन बारापत्थर सिवनी में प्रातः 11:00 बजे से जनप्रतिनिधियों, पालकों, एवं छात्र/छात्राओं की उपस्थिति में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें जिले के 104 बालिका, 95 बालक सहित इस प्रकार कुल 199 विद्यार्थियों को निःशुल्क ई-स्कूटी की राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की गई, जिलास्तरीय कार्यकम में



मुख्य अतिथि द्वारा 20 छात्र/छात्राओं को प्रतिकात्मक रुप से स्कूटी की चाबी सौंपी गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण सभी के द्वारा देखा एवं सुना गया।

### विधायक ने किया छात्र- छात्राओं को प्रमाण पत्रों का वितरण

**सिवनी।** शुक्रवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन गया छात्र- छात्राओं को ई स्कूटी के प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। आज दोपहर 02:30 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी मे उमंग दिवस के अवसर पर आयोजित ई स्कूटी प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे किया गया। कार्यक्रम मे सर्वप्रथम श्री राय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजन कर कार्यक्रम आरंभ कराया गया। तदोपरांत विद्यालय प्राचार्य श्री महेश गौतम द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन का पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथि सत्कार किया गया। इसके पश्चात आपके करकमलों से छात्र-छात्राओं को ई स्कूटी प्रमाण पत्रों का वितरण कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर सर्वश्री युवराजसिंह राहंगडाले जिलाध्यक्ष भाजयुमो, अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कालेज, अनिल पटवा, नवनीत ठाकुर, संजय भलावी पार्षद, श्रीमती बरमैया पार्षद सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# कुरई पुलिस द्वारा 2 दिन में अपहृत 2 नाबालिक बालिकाओं को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दिनांक 09/09/2025 को प्रार्थी राजू अडमाची एवं रामसिंग अडमाची दोनो निवासी ग्राम बादलपार ने चौकी बादलपार थाना कुरई में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराये कि इन दोनो की नाबालिक बेटीयो को दिनांक 06/09/2025 को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। दोनो प्रार्थीयो की रिपोर्ट पर थाना कुरई मे तत्काल क्रमशः अप.क्र. 449/2025 तथा 450/25 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना ने लिया गया। पुलिस की तत्परता और सायबर सेल की मदद से मिली बडी सफला पुलिस अधीक्षक सिवनी सुश्री शिमाला प्रसाद द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारीयो को अपहृत नाबालिक बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु आदेशित किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, एसडीओपी बरघाट ललित गठरे के मार्ग दर्शन में तत्काल थाना कुरई की पुलिस द्वारा अपराध की गंभीरता को देखते हुये थाना स्तर पर टीम गठित कर सायबर सेल सिवनी की मदद से तत्परता से कार्यवाही करते हुये दोनो अपहृत नाबालिक बालिकाओ को 02 दिवस के अंदर नागपुर (महाराष्ट्र) से दस्तयाब कर लाया गया। बाद आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुये दोनों अपहृत बालिकाओ को उनके परिजनो के सुपुर्द किया गया। परिजनों के चेहरे मे आई मुस्कान एवं पुलिस के प्रति जागा विश्वास पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही से क्षेत्र मे एवं परिवार में खुशी की लहर दौडी एवं पुलिस के प्रति विश्वास जागा है।

# जिले में सोलर रूफटॉप को बढ़ावा देने हेतु बैठक सम्पन्न

**सिवनी /** जिले में सोलर रूफटॉप के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने गुरुवार 11 सितम्बर को एमपीईबी अधिकारियों एवं जिले के सोलर वेंडर्स की बैठक ली। बैठक में सोलर ऊर्जा के लाभ, शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी, उपभोक्ताओं को मिलने वाले कम ब्याज दर पर लोन तथा आवेदन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर सुश्री जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से जिले में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप योजना से जोड़ा जाए तथा आमजन को इसके फायदे और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी सहज उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी वेंडरों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए उपभोक्ताओं को वास्तविक लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि शासन द्वारा घरेलू उपभोक्ता के लिए सोलर रूफटॉप लगाने पर निर्धारित क्षमता अनुसार 78000 रुपये तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं को सुविधा देने के लिए बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर लोन की भी व्यवस्था की गई है।इस अवसर पर विकासखण्डवार लक्षित उपभोक्ताओं की संख्या पर भी चर्चा की गई तथा प्रत्येक क्षेत्र में लक्ष्य पूर्ति के लिए रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने से न केवल बिजली बिल में कमी आएगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम योगदान होगा। बैठक में अधीक्षण यंत्री श्री एस आर यमदे, सभी कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं पंजीकृत वेंडर उपस्थित थे।

### राशन पात्रता के लिए मेरा ई-केवाईसी ऐप से करें सत्यापन

**सिवनी /** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिन परिवारों की राशन पर्ची का सत्यापन खाद्य विभाग द्वारा एम राशन मित्र पोर्टल पर कर दिया गया है। ऐसे सभी हितग्राही अपने मोबाईल पर मेरा ई-केवायसी एप के माध्यम से अपने परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवायसी घर बैठे कर सकते है। सभी ऐसे हितग्रहीयों से अपील है कि जिनकी पात्रता पर्ची हेतु सत्यापन हो चुका है वे सभी मेरा ई-केवायसी एप से तत्काल ई-केवायसी पूर्ण कर ले ताकि समय-सीमा में उन्हे राशन पर्ची प्राप्त हो सकें।

### कृतिम बुद्धिमत्ता का शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**सिवनी /** एन ई पी 2020 के प्रावधानों के अनुरूप शालेय विद्यार्थियों में 21वीं के कौशल विकसित करने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेशानुसार जिले की चयनित माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों और विकासखण्ड के नामित बीएसी का प्रशिक्षणजिला शिक्षा केंद्र सिवनी के आदेशानुसार 4 चरणों में सितंबर से 11 सितंबर 2025 तक डाइट केवलारी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण हेतु एजेंसी को राज्य स्तर से दायित्व सौंपा गया है जिसके समन्वयक और व्यवस्थापक के रूप में श्री दीपसिंह चौधरी और प्रशिक्षक की भूमिका में मास्टर ट्रैनर श्री येचेन्द्र राहंगडाले का सराहनीय योगदान रहा। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को चैट जी पी टी, नोट बुक, गूगल जेमीनी और माईक्रो को पायलेट के उपयोग के सरलतमतरीके बताते हुए शिक्षा के क्षेत्र में इनकी उपयोगिता पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। समस्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों की शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों का एजुकेशन क्वालिटी इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत मूल्यांकन दिनाँक 18 और 19 सितम्बर को शाला स्तर पर किया जाना है। जिसके नोडल अधिकारियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं परीक्षा सामग्री वितरण डाइट केवलारी में दिनाँक 15 सितंबर 2025 को किया जाएगा।

# सेवा पखवाड़ा प्रत्येक समाज तक ले जाकर सेवा भाव का कार्य करें- श्रीमती मीना बिसेन

### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारी हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न, सभी मंडलों में होंगे विशेष आयोजन



**सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित संगठनात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित होगा। इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए भाजपा जिला कार्यालय पं. अटल बिहारी वाजपेयी परिसर में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की अध्यक्षता में किया गया।

**सेवा ही कार्यकर्ता की पहचान - मीना बिसेन**

जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि -सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को प्रत्येक समाज तक ले जाकर कार्यकर्ता सेवा भाव का कार्य करें। हमारे मन में सच्ची सेवा भावना होनी चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता की छवि हमेशा अलग और प्रेरणादायी रहनी चाहिए। स्वच्छता, वृक्षारोपण या अन्य सामाजिक कार्य हों - समाज की निगाह भाजपा कार्यकर्ताओं पर होती है। उन्होंने कहा कि आगामी प्रत्येक कार्यक्रम चाहे प्रशासनिक स्तर पर हो या पार्टी स्तर पर, उसका अधिकतम लाभ जनता तक पहुँचे, इसके लिए कार्यकर्ताओं को पूरी जिम्मेदारी से जुटना चाहिए और नर सेवा ही नारायण सेवा के संकल्प को जीवन में उतारना चाहिए।

**कार्यशाला में बनी कार्ययोजना**

श्रीमती बिसेन ने सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा विस्तार से बताई। उन्होंने जानकारी दी कि - सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की सफलता के लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी को जिला संयोजक बनाया गया है।
सहसंयोजक के रूप में जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, अनिल गोल्हानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन अवधिया और विवेक बिसेन नियुक्त किए गए हैं। मंडल स्तर पर भी कार्यशालाएँ एवं आयोजन समितियाँ गठित होंगी।

**कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं के विचार**

नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। यह हमारे लिए सौभाग्य है कि हमारे पास इतना विश्वसनीय नेतृत्व है जिस पर पूरा विश्व भरोसा कर रहा है।
डॉ. ढालसिंह बिसेन (पूर्व सांसद) उन्होंने सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा भाजपा सरकार जो कार्य कर रही है उसकी कांग्रेस से अपेक्षा नहीं की जा सकती। हमें इन उपलब्धियों का अधिकतम प्रचार करना चाहिए।
कमल मर्सकोले (विधायक, बरघाट) सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम केवल आयोजन नहीं बल्कि जनसेवा और समाजहित के कार्य हैं। हमें इस तरह काम करना होगा कि जिले की गूँज पूरे प्रदेश में सुनाई दे।

**नरेश दिवाकर (पूर्व विधायक)**

हमारा लक्ष्य सरकार और संगठन दोनों के माध्यम से जनसेवा करना है। आज दुनिया मान रही है कि प्रधानमंत्री मोदी जी का हर वक्तव्य मानव कल्याण और विश्व कल्याण की भावना से भरा है। अब भारत किसी महाशक्ति से झुकता नहीं, बल्कि उन्हें झुकाने की क्षमता रखता है।
सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक राजेश त्रिवेदी ने बताया कि 17 सितंबर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में वृहद रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। कार्यकर्ता समाज में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाएँगे ताकि आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत का निर्माण हो सके। इसके साथ ही सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की उन्होंने जानकारी दी ।

**राकेश पाल सिंह पूर्व विधायक**

कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष लालमणि राय ने किया। आभार प्रदर्शन सचिन अवधिया ने किया।
कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी और धीरसिंह भलावी शामिल रहे। कार्यशाला में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठों के प्रमुख, नगरीय व ग्राम निकायों के अध्यक्ष-पार्षद एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों में नाराजगी, राजनीतिक द्वेष के कारण की गई शिकायत

# प्रशासन ने रोका देवी मां के मंदिर का काम!






### वाह रे जिला प्रशासन दारू भट्टी वैध, देवी मॉ का मंदिर अवैध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कई वर्षों से गर्रा चौक पर दुर्गा जी की स्थापना होती है और गांव के पूर्वज बताते हैं कि लगभग सवा सौ साल पहले यहां पर मंदिर था। इसी के चलते गांव के धर्म प्रेमियों एवं दुर्गा उत्सव समिति द्वारा यह प्रण लिया गया था कि यहां पर मंदिर स्थापित किया जाएगा। उक्त भूमि मध्यप्रदेश शासन की भूमि है और जैसा कि देश के सारे मंदिर लगभग सरकारी भूमि पर ही बने हैं वैसे ही धर्म प्रेमियों द्वारा यहां पर मंदिर स्थापना की जा रही थी और मूर्ति स्थापना नवरात्रि प्रारंभ के पहले दिन 22 सितंबर को होनी थी परंतु राजनीतिक द्वेष के चलते कुछ लोगों द्वारा प्रशासन को इसकी शिकायत की गई, यहां मंदिर नहीं बनना चाहिए और बार-बार शिकायत करने पर शिकायत पर कार्रवाई न होने की स्थिति में उच्च स्तरीय शिकायत करने पर मामले को जांच में लेते हुए उक्त निर्माण पर प्रशासन के द्वारा निर्माण स्थल पर फेंसिक करते हुए चेतावनी वाला बोर्ड लगाकर निर्माण कार्य को रोक दिया गया हैं। मातारानी के भक्तों में निराशा छाई हुई हैं गांव में कई तरह की बातें चल रही हैं। चौक चौराहे पर ग्रामीण बात कर रहें, पंचायत चुनाव में हार-जीत चलते रहती हैं। अगर किसी की ग्राम प्रधान वैभव बिसेन से निजी शत्रुता हैं तो वो आगामी चुनाव लड़ कर अपनी शत्रुता भंजाले। किन्तु इस प्रकार से गांव में हो रहे मातारानी के मंदिर निर्माण में व्यवधान उत्पन्न करना उचित नहीं हैं।

### बोले ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन...



मैं वर्ष 2012 से सार्वजनिक जीवन में कार्यरत हूं पहले जनपद पंचायत का सदस्य रहा हूं और वर्तमान में सरपंच होने के साथ-साथ जिला सरपंच संघ का अध्यक्ष भी हूं कई वर्षों से यहां माता जी का वास रहा है हमारे पूर्वजों का कहना है कि यहां पर पहले वर्ष 1910 के आसपास मंदिर भी था गांव के सभी धर्म प्रेमियों के द्वारा माता जी की स्थापना की जा रही थी परंतु धर्म विरोधी गतिविधियां के चलते और मुझसे शराब भट्टी हटाने की लड़ाई लड़ने के चलते लगाई गई रीट पिटीशन की सुनवाई के उपरांत मेरे घर पर हुए प्राण घातक हमले से पनपी रंजिश और पुलिस द्वारा आरोपियों का जुलूस निकालने को लेकर फैली बुराई के चलते रंजिश रखने वाले लोगों की शिकायतों के चलते प्रशासन द्वारा वर्तमान में काम को रोक दिया गया है असल में प्रशासन को गुमराह करके झूठी शिकायत देकर यह बताया गया था कि वहां पंचायत कंपलेक्स बन रहा है, बल्कि कार्यालय ग्राम पंचायत का इससे कोई लेना देना नहीं है वहां केवल दुर्गा मां और महादेव का मंदिर बन रहा था जो पूर्णता धर्म प्रेमियों के द्वारा बनाया जा रहा था, हम उच्च अधिकारियों से भेंट करेंगे और मेरे द्वारा सभी धर्म प्रेमियों से अपील की गई है कि उक्त भूमि का मद परिवर्तन करवाने में पंचायत उनका सहयोग करेगी। मेरे सभी कार्यकर्ता और मेरे सभी साथी माता मंदिर बनने के पक्ष में हैं,बाकी मंदिर बनना या ना बनना माता जी की इच्छा, उनका मंदिर रोकने और तोड़ने वालों का क्या होगा यह तो माताजी ही जाने।

### इनका कहना हैं



मंदिर निर्माण शासकीय भूमि पर किया जा रहा था, गांव के कुछ लोगों के द्वारा शिकायत की गई थी, प्रशासन के द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगाई गई हैं।

**कार्तिकेय जायसवाल**
**अनुविभागीय दण्ड अधिकारी**

**वारासिवनी**

इस तरह से मंदिर का काम रुकवाना अशुभ होता है इसका असर संपूर्ण गांव पर पड़ेगा।

**रेवतन शिवांकर**
**वार्डपंच वार्ड नं 5**

मातारानी के मंदिर का निर्माण सभी ग्रामवासियों की इच्छा से हो रहा था, निर्माण कार्य में शिकायत करके कार्य रूकवाना उचित नहीं हैं।

**सुरेंद्र यादव**
**वार्डपंच वार्ड नं 5**

गर्रा चौक में हमारे पूर्वज बताते हैं कि पहले यहां मंदिर था, हम सभी की इच्छा हैं कि मातारानी का भव्य मंदिर निर्माण होना चाहिए। राजनीतिक अपनी जगह हैं, धार्मिक कार्यों में व्यवधान उत्पन करना उचित नहीं हैं।

**श्रीमती ज्ञानेश्वरी पतले**
**वार्डपंच वार्ड नं 9**

हमारा देश सदियो से नारी शक्ति की उपासना करते रहा हैं, गर्रा चौक में मातारानी का भव्य मंदिर निर्माण होना चाहिए। शासन प्रशासन से हम ग्रामीण मांग करते हैं कि उपरोक्त भूमि का मद परिवर्तन करते हुए निर्माण समिति को मंदिर निर्माण की अनुमति प्रदान की जायें। मंदिर निर्माण के लिए धरना प्रदर्शन, आंदोलन करना पड़े तो हम सभी ग्रामीण संघर्ष करेंगे।

**श्रीमती जुबेदा शाह**
**वार्डपंच वार्ड नं 11**

## पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, रात्रि में ही छोड़ा गया सोनेवानी जंगल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




आवारा कुत्तों और पालतू मवेशियों का आए दिन शिकार करने वाला तेंदूआ आखिरकार पकड़ा गया है. गुरुवार की शाम करीब 7 बजे तेंदुआ वन विभाग के द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया. जिसे रात्रि में करीब ढाई बजे जंगल में छोड़ने के बाद सुबह करीब 4 बजे वन विभाग की टीम कटंगी वापस लौटी. प्रशिक्षु आईएफएस जितेन्द्र मीणा की मौजूदगी में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कटंगी वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार के नेतृत्व में वन्य प्राणी तेंदूए को सुरक्षित स्थान प्राकृतिक स्थान जंगल में छोड़ दिया गया है. वन परिक्षेत्र कटंगी के अंतर्गत आने वाले कोड़मी बीट में गुरूवार की शाम करीब साढ़े 06 बजे आबादी के नजदीक खेत के पास वन्य प्राणी तेंदूए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया था. जिसमें एक बकरी को रखा गया था 15 मिनट के भीतर जैसे ही तेंदुआ बकरी का शिकार करने के लिए आया कैद होकर रह गया. करीब दो माह से भी अधिक वक्त से तेंदुए को कोड़मी और नहलेसरा के आसपास चहल कदमी करते हुए देखा जा रहा था. तेंदुए ने करीब आधा दर्जन पालतू मवेशियों को अपना शिकार बनाया. इसके अलावा कोड़मी और नहलेसरा से आए दिन आवारा कुत्ते गायब होने का सिलसिला जारी था. तेंदुआ ही इन्हें अपना शिकार बना रहा था. तेंदुए को गांव के भीतर तक प्रवेश करते हुए देखा गया था. ऐसे में लोगों में डर का माहौल बना हुआ था और शाम होते ही अनहोनी का खतरा बना रहता था. हालांकि अभी नर तेंदुआ ही कैद हुआ है. मादा तेंदूआ अभी भी कोड़मी और नहलेसरा के आस-पास ही है ऐसी जानकारी सामने आ रही है।

इन घटनाओं को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को रेस्क्यू करने की मांग की थी. वन विभाग की एक टीम ने गुरुवार की शाम करीब 6 बजे तेंदुए की आए दिन होने वाली मूवमेंट के एक स्थान को चिन्हित कर पिंजरा लगाया. शाम करीब 7 के आसपास पिंजरे में वन्य प्राणी तेंदुआ कैद हो गया. जैसे ही यह जानकारी ग्रामीणों को मिली तेंदूए के पकड़ाए जाने की खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरफ फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण वन्य प्राणी तेंदुए को देखने के लिए कोड़मी पहुंच गए. सभी लोग वन्य प्राणी का दीदार करना चाह रहे थे लेकिन प्रोटोकॉल की वजह से वन विभाग ने ग्रामीणों को वन्य प्राणी तक जाने नहीं दिया ऐसे में कई मौके पर भीड़ बेकाबू होते नजर आई. जिसके चलते वन विभाग ने स्थानीय पुलिस को सूचना देते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मदद मांगी. सूचना मिलने पर कटंगी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम पुलिस बल के साथ मौका स्थल पर पहुंच गए हैं. पुलिस ने भीड़ पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन भीड़ में शामिल कुछ शराबी बार-बार माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे थे. इसमें कुछ गांव के बाहर के लोग भी शामिल थे जो सत्ता और शराब के नशे में वन विभाग के कर्मचारियों को ही क्या करें और क्या ना करें यह पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रहे थे. रात्रि करीब पौने 10 बजे प्रशिक्षु आईएफएस जितेन्द्र मीणा घटनास्थल पर पहुंचे. उनके निर्देश पर तेंदूए को सुरक्षित गांव से बाहर निकाला और सीधे सोनेवानी जंगल की तरफ सभी रवाना हो गए. इस दौरान तेंदूए का दीदार करने के लिए लोगों ने 20 किमी तक वाहन दौड़ा दिया और जब एक तेंदूए का दीदार किया तभी वापस लौटे. दरअसल, जिस पिंजरे में तेंदूए को जंगल ले जाया जा रहा था उसके एक टायर के सभी नट-बोल्ट टूटकर बिखर गए और वन विभाग को करीब 1 घंटे से भी अधिक का वक्त इसकी मरम्मत में लग गया और सरकारी वाहनों का पीछा कर रही भीड़ तेंदूए को देखने के लिए फिर उमड़ पड़ी।

## वन परिक्षेत्र लामता की टीम ने मोहगांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को किया जागरूक

### वन परिक्षेत्र अधिकारी लामता देवेन्द्र रंगारे अपने सहायकों के साथ पहुंचे साप्ताहिक बाजार में




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले मे वन्य प्राणियों के सुरक्षा के लिए वन विभाग के वन संरक्षक बालाघाट गौरव चौधरी, वनमण्डलाधिकारी नेहा श्रीवास्तव उत्तर सामान्य वन मंडल बालाघाट के निर्देशन पर उत्तर सामान्य वन परिक्षेत्र लामता के अंतर्गत नगरवाड़ा सर्किल के मोहगांव मे कार्यक्रम आयोजित किया गया, परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र रंगारे द्वारा घने जंगलो के बीच बसे मोहगांव मे नुक्कड नाटक, चौपाल एवं बैनर पोस्टर के माध्यम से प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों को हिंसक प्राणी से आत्मरक्षा करने एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के विषय पर नाटकीय मंच के द्वारा जागरूक करने की पहल किया गया है। आज नगरवाड़ा सर्किल के मोहगांव पंचायत मे कार्यक्रम के शुरुआत मे स्कूली बच्चे, ग्रामीणजन, वन विभाग के कर्मचारी एवं सुरक्षा श्रमिकों द्वारा रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक करने की पहल की। नुक्कड नाटक, गीत एवं मंच के माध्यम से ग्रामीणों को वन्य प्राणी से बचाव, एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा की जानकारी वन विभाग के अधिकारियो द्वारा विस्तार से समझाया गया एवं वन्य प्राणियों के शिकार को रोकने हेतु वन सुरक्षा समितियो एवं ग्राम सरपंच द्वारा बाघ मित्र मनोनीत कर 5-5 बाघ मित्र बनाकर उन्हें टी शर्ट एवं जूते प्रदाय किये गए। वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर सामान्य देवेंद्र रंगारे द्वारा बाघ मित्र को उनके दायित्त्व एवं कार्य बताये गये एवं स्कूली छात्र-छात्रों को हिंसक वन्य प्राणी से अपनी आत्म रक्षा एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा के उपाय बताये गये,उनके द्वारा यह भी बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को सर्प काटता हैं तो पंडा पुजारी एवं झाड फूक ना कराकर , उन्हें तत्काल शासकीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर उपचार करावे, जिससे उसकी जिंदगी बचाई जा सके। वनविभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान की गई। एवं दवाइयां वितरित की गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के दौरान वनविभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सभी ग्रामीण जनो से अपील किया की किसी भी व्यक्ति द्वारा वन्य प्राणी के शिकार के लिए फंदा, बिजली तार का उपयोग करते देखा जाये तो वन विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों को सूचना देवे, शिकायत सही पाये जाने पर शिकार करने की सामग्री जप्त की जाती हैं तो सूचना देने वाले व्यक्ति को 5000 हजार रुपये की इनाम कि राशि नगद दी जावेगी। वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत मोहगांव के सरपंच सरदार सिंह परते, उपसरपंच सुनील गेवरीकर वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र रंगारे उत्तर सामान्य लामता,सहायक परिक्षेत्र अधिकारी विजय श्रीवास्तव,नीतू गिरी गोस्वामी सहायक परिक्षेत्र लामता, कपिल तिवारी सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुमनगाव, अबरार हुसैन व र, कृष्ण कुमार हरिनखेड़े व र, काशीराम पंचेश्वर व र,बेनीराम उइके,खिलेश भलावी, विजय गौतम,आनद तिवारी,सुरक्षा समिति मोहगांव अध्यक्ष, समिति के सदस्य, वन सुरक्षा श्रमिक,स्कूली छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों के उपस्तिथि मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## बाघ नदी में बहे मां-बेटे, तलाश के दूसरे दिन मिला मां का शव, बेटे की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी के बहेला थाना क्षेत्र के ग्राम अमेड़ा में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां गुरुवार की शाम को बाघ नदी पार करते समय एक मां और उसका बेटा पानी में बह गए। दोनों की तलाश में पुलिस और ग्रामीण जुटे हुए हैं। मृतक कमलाबाई मरकाम (50) और उसके बेटे गज्जू मरकाम (23) गुरुवार की शाम को महाराष्ट्र के सालेकसा थाना क्षेत्र के ग्राम चिंगलुटोला से अपने गांव लौट रहे थे। जब वे बाघ नदी के अस्थाई रास्ते को पार कर रहे थे, तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और वे नदी में गिरकर बह गए।

हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। बहेला और महाराष्ट्र पुलिस ने दोनों की खोजबीन शुरू की, लेकिन देर रात तक कोई सुराग नहीं मिला। दूसरे दिन शुक्रवार को तीन किमी दूर कमलाबाई का शव बरामद हुआ। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कमलाबाई के बेटे गज्जू की तलाश अभी भी जारी है। जिला मुख्यालय से पहुंची एसडीईआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई है। लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार और जनपद सीईओ रामगोपाल यादव भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। ग्राम पंचायत अमेड़ा (ब) के सरपंच डिलेश्वर बसेना ने बताया कि गुरुवार की शाम को हुए इस हादसे में मां-बेटे की नदी में गिरकर बह जाने की जानकारी मिली। प्रशासन और पुलिस की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।

### 16 सितम्बर को युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन

**बालाघाट।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालाघाट द्वारा संयुक्त रूप से 16 सितम्बर को शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज गायखुरी में युवा संगम रोजगार मेला एवं स्वरोजगार व अप्रेटेंशसीप मेले का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार कार्यालय की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले ने बताया कि इस रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं समग्र आई.डी. आदि लेकर मेले में उपस्थित हो सकते हैं। रोजगार मेले का आयोजन शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज गायखुरी में प्रातः 11.00 बजे से आयोजित किया जायेगा।

## सेवा पखवाड़ा को लेकर सांसद श्रीमती भारती पारधी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। यह पखवाड़ा 02 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। इस पखवाड़े के अंतर्गत जनसेवा, स्वच्छता, पर्यावरण एवं स्वदेशी को प्रोत्साहन संबंधी विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सेवा पखवाड़े की तैयारियों को लेकर 12 सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांसद श्रीमती भारती पारधी की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, विधायक श्री गौरव पारधी, श्री राजकुमार कर्राहे वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे। सांसद श्रीमती पारधी ने बैठक में कहा कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़े में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग इस पखवाड़े से जुड़ सके और उन्हें इसका लाभ मिल सके। इसके लिए जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का कैलेण्डर तैयार किया जाए और उसमें जनप्रतिनिधियों के सुझाव भी शामिल किये जाए।कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बैठक में बताया कि 17 सितम्बर से प्रारंभ होकर 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के लिए जिला स्तर पर आयोजित होने वाली गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का कैलेण्डर तैयार किया जा रहा है। इसी प्रकार सभी एसडीएम द्वारा विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों का कैलेण्डर तैयार किया जा रहा है। पखवाड़े के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक वृहद स्तर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 21 सितम्बर को आत्मनिर्भर विकसित भारत के अंतर्गत नमो मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

### खरीफ फसलों के नियंत्रण के लिए कृषि विभाग की किसानों को सलाह

**बालाघाट।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में फसलों की बेहतर पैदावार के लिए जिले के कृषकों को कृषि विभाग द्वारा विशेष सलाह दी गई है। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय द्वारा जिले के कृषक बंधुओं को धान की फसल की बोआई के लिए विशेष परामर्श दिया गया है, जिसमें उन्हें फसल बिमारियों के निदान एवं कीटो के नियंत्रण के लिए क्या-क्या उपाय करना चाहिये जिससे की फसल उत्पादन में वृध्दि हो सके एवं फसले रोग मुक्त रहे के बारे में अवगत कराया गया है।

## ग्राम कड़कना में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने पटवारी के साथ की नदी के दूसरे नाव में दूसरे छोर पर कृषकों के खेत की गिरदावली

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



तहसील किरनापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कड़कना में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री गांधी घोरमारे एवं पटवारी मनीष बिसेन के साथ नदी के दूसरे छोर में नाव से जाकर कृषकों के खेत में लगे तिलहन, बैगन, कद्दू एवं खीरा की गिरदावली की गिरदावरी किसानों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए उसके खेत का रकबा और होने वाली फसल को आधार बनाया जाता है. इसके लिए हर खेत की गिरदावरी होती है. यानि देखा जाता है कि किस खेत में कौन सी फसल लगाई गई है. रबी, खरीफ और अन्य सीजन में क्या फसल ली गई है इन सभी चीजों को देखने को गिरावदारी कहा जाता है।

सरकार द्वारा संचालित की गई इस कार्य से फसल की गिरदावरी साल में तीन बार सारा ऐप के माध्यम से की जाएगी. इसका उपयोग फसल के पैदावार, फसल बीमा और अन्य योजनाओं में किया जाएगा. अब सर्वेयर खेत के बीचों बीच खड़े होकर फसल की फोटो ली जायेगी।

## भेंडारा शास. उच्च.माध्य विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के आंखों की जांच, निशुल्क बनेंगे चश्मे




**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर ग्राम भेंडारा में बीएमओ डाक्टर खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया । इस दौरान नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन के द्वारा शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय भेंडारा में अध्ययनरत कक्षा दसंवी एंव बारहॅवी के 58 छात्र छात्राओ के आंखो की जांच कर उचित परामर्श व उपचार प्रदान करते हुए 38 विधार्थियो को चश्मे के नबंर दिए गए । तथा सरकार के द्वारी शीघ्र ही चयनित बच्चो के निशुल्क चश्मे बनवाकर कर वितरण किए जाएँगे। साथ ही उक्त शिविर में अचंल के 48 लोगे के आंखो की जांच की गई जिसमें से 25 नेत्र रोगीयो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए देव जी नेत्रालय जबलपुर भेजा गया। डा.टी.एस बिसेन ने बताया की लगातार क्षेत्र में निशुल्क नेत्र शिविर लगाकर आंखें के मरीजो को लाभान्वित किया जा रहा है , भेंडारा स्कूल के अध्ययनरत बच्चो के आंखो की जांच कर उचित परामर्श दिया गया एंव शासन की ओर से उन्हें शीघ्र चश्मे बनाकर निशुल्क प्रदान किए जाएगें। भेंडारा स्कूल प्रबंधन एंव ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव के द्वारा उक्त नेत्र शिविर को सफलतापूर्वक पूर्वक संपन्न कराने में बेहतरीन सहयोग प्रदान किया गया।